मुख्य सचिव ने 13 पेंशनर्स को पीपीओ आदेश प्रदान किए

356 पेंडिंग पेंशन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर विभाग की सराहना

जयपुर । मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बुधवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित पेंशन अदालत में 13 पेंशनर्स को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालयों में उपस्थित पेंशनर्स से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बुधवार को स्वास्थ्य भवन में पेंशन अदालत आयोजित की।

- 'बड़े अस्पतालों में पेंशनर्स के लिए अलग ओपीडी काउंटर बनाए जाए'

मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान का पेंशन सिस्टम देश के बेहतरीन पेंशन सिस्टम में से एक है। राज्य सरकार पेंशनर्स के अधिकारों और उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं का समय पर समाधान सरकार की प्राथमिकता है। इसी दिशा में अब जिलों में भी पेंशन अदालतों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, पेंशन प्रक्रिया को और सरल एवं सुविधाजनक बनाने के लिए डिजिटल पीपीओ जारी करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

वी. श्रीनिवास ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पेंशन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जुलाई से अब तक विभाग में 486 पेंशन प्रकरण पेंडिंग थे, जिनमें से 356 प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने शेष प्रकरणों का भी जल्द निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में पेंशन अदालत का नवाचार शुरू किया गया है। विभाग पेंशनर्स के मामलों में संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ समयबद्ध कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि जुलाई से अब तक पेंडिंग 486 पेंशन प्रकरणों में से 356 का निस्तारण किया जा चुका है। शेष प्रकरणों को भी जल्द पूरा किया जाएगा।

पेंशन अदालत में शासन सचिव कार्मिक अर्चना सिंह, शासन सचिव वित्त (व्यय) शिवांगी स्वर्णकार, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा,पेंशन निदेशक महेन्द्र सिंह भूकर, निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं पेंशनर्स उपस्थित रहे।

संजय भाटिया को राजस्थान भाजपा का प्रदेश प्रभारी बनाया

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपनी टीम में पहला बड़ा संगठनात्मक फेरबदल करते हुए देशभर में राज्यों के प्रभारी और सह-प्रभारियों की नई नियुक्तियां की हैं। 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए की गई नियुक्तियों में राजस्थान के संगठन में भी बड़ा बदलाव हुआ है। डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल की जगह अब संजय भाटिया को राजस्थान का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। वहीं राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार और दिल्ली भाजपा के नेता कुलजीत चहल को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

- कविता पाटीदार और कुलजीत चहल बने सह-प्रभारी
- सतीश पूनियां को पंजाब के साथ जम्मू कश्मीर का भी प्रभार

राजस्थान में प्रभारी बदलने की चर्चा लंबे समय से चल रही थी। डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल जुलाई 2024 से राजस्थान प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। करीब 26 महीने बाद पार्टी ने अब उनके स्थान पर संजय भाटिया को जिम्मेदारी सौंपी है। अग्रवाल के कार्यकाल के दौरान राजस्थान में विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम हुए।पार्टी के नए फैसले के बाद अब राजस्थान भाजपा में संगठन और आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर नई टीम के साथ कामकाज आगे बढ़ेगा। संजय भाटिया के सामने प्रदेश संगठन के साथ बेहतर समन्वय बनाने के साथ ही बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने और आगामी पंचायत चुनावों की तैयारियों को गति देने की जिम्मेदारी होगी। राजस्थान के लिए नियुक्त दोनों सह-प्रभारियों का भी संगठनात्मक अनुभव है।कविता पाटीदारमध्यप्रदेश की रहने वाली हैं और भाजपा की राष्ट्रीय सचिव एवं राज्यसभा सांसद हैं। वे मध्यप्रदेश में प्रदेश महामंत्री और इंदौर जिला पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुकी हैं।वहींकुलजीत चहलदिल्ली भाजपा में लंबे समय से सक्रिय हैं। वे नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष रह चुके हैं और नमो ऐप के नेशनल कन्वीनर की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।

जयपुर के महापौर पद के निर्वाचन के लिए बैठक 25 को

जयपुर। रिटर्निंग अधिकारी, महापौर एवं उप महापौर आशीष कुमार ने बताया कि नगर निगम जयपुर के अध्यक्ष (महापौर) पद के निर्वाचन के लिए निर्वाचित सदस्यों की बैठक 25 सितम्बर को सभासद भवन, नगर निगम मुख्यालय, लालकोठी, जयपुर में आयोजित की जाएगी। जारी नोटिस के अनुसार अध्यक्ष/महापौर पद के लिए मतदान प्रात: 10 बजे से मध्याह्न पश्चात् 2.00 बजे तक होगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत पश्चात् मतगणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी, चाहे वह निर्वाचित सदस्य हो अथवा नहीं, बैठक में उपस्थित होकर मतदान प्रक्रिया एवं मतगणना देखने का हकदार होगा। हालांकि, मतदान केवल निर्वाचित सदस्य ही कर सकेंगे।

मास्टर चाबी से नई बाइक चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

जयपुर। गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नई मोटरसाइकिलें चुराने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 17 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद बाइकों की अनुमानित बाजार कीमत करीब 24 लाख रुपए बताई गई है। आरोपी दिन में कॉलोनियों में नई बाइक की रेकी करते और रात में मास्टर चाबी यानी एलंकी से लॉक तोड़कर बाइक चोरी कर ले जाते थे।

- पुलिस ने तीन बदमाशों को पकड़ा, चोरी की 17 बाइकें बरामद

फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा ने बताया कि गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नई मोटरसाइकिलें चुराने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए अखिलेश मीणा (22) निवासी भुसावर जिला भरतपुर, उस्मान उर्फ मुन्ना (19) निवासी खो नागोरियान जयपुर तथा निशान्त उपाध्याय उर्फ निक्की (20) निवासी भुसावर जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अखिलेश मीणा गिरोह का मास्टरमाइंड है। उस्मान दिन में मकानों की सेटरिंग का काम करता था। इसी दौरान वह विभिन्न कॉलोनियों में खड़ी नई मोटरसाइकिलों की रेकी कर लेता था। इसके बाद तीनों आरोपी रात में अपनी अपाचे बाइक से निकलते और पहले से चिन्हित मोटरसाइकिलों को मास्टर चाबी यानी एलंकी की मदद से लॉक तोड़कर चोरी कर लेते थे।

पुलिस के अनुसार आरोपी चोरी की वारदातों को अंजाम देकर नशे और ऐशो-आराम के अपने शौक पूरे करते थे। पूछताछ में गिरोह के जयपुर के अलग-अलग इलाकों में बाइक चोरी की वारदातों में शामिल होने की जानकारी सामने आई है।

25 छायादार पेड़ लगाने पर मिलेगा साक्ष्य पेश करने का मौका

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने 12 साल पुराने एक जमीन अधिग्रहण से जुड़े मामले में याचिकाकर्ता को अपनी साक्ष्य पेश करने का सशर्त अंतिम अवसर प्रदान किया है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता इसके लिए सार्वजनिक स्थान पर 25 छायादार पेड़ लगाएगी और युवा वकीलों के लिए खरीदी जानी कानूनी पुस्तकों के लिए बनाए गए फंड में दस हजार रुपए जमा कराएगी। जस्टिस अनूप कुमार ने यह आदेश प्रमिला गुप्ता की याचिका पर दिए। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता ने अपनी जमीन के अधिग्रहण के बाद वर्ष 2014 में जयपुर के सीनियर सिविल जज के समक्ष मुआवजा और अन्य दावों को लेकर वाद दायर किया था। इसके चलते निचली अदालत ने 17 सितंबर 2019 को उनकी गवाही का अधिकार बंद कर दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि जिस समय गवाही बंद की गई, वह भारत में नहीं थीं। रिकॉर्ड के अनुसार, वह 17 मई 2019 से 27 नवंबर 2019 तक ऑस्ट्रेलिया में थी। इसलिए उसे अपनी साक्ष्य पेश करने का मौका दिया जाए।

जिला पुलिस कार्यालयों में बनेंगे "पेंशन मित्र"

जयपुर । मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की पहल पर बुधवार को पुलिस मुख्यालय में राज्य स्तरीय पेंशन अदालत आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने पेंशन प्रकरणों का 30 दिन में अनिवार्य रूप से निस्तारण करने तथा सेवानिवृत्ति के दिन या उससे पहले कार्मिकों को पीपीओ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला पुलिस कार्यालयों में जल्द 'पेंशन मित्र' स्थापित किए जाएंगे, जो पेंशनर्स को आवेदन से लेकर अन्य प्रक्रियाओं में सहायता करेंगे।

मुख्य सचिव ने डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के साथ पेंशनर्स से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

- पुलिस मुख्यालय में राज्य स्तरीय पेंशन अदालत, पेंशन प्रकरण 30 दिन में निपटाने के निर्देश
- सेवानिवृत्ति से पहले मिलेगा पीपीओ

मुख्य सचिव ने डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के साथ पेंशनर्स से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। विभिन्न जिलों के पेंशनर्स ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी समस्याएं रखीं। सितंबर में सेवानिवृत्त होने वाले 22 पुलिसकर्मियों को पीपीओ किट देकर शुभकामनाएं दी गईं।

उन्होंने पेंशनर्स को डिजिटल रूप से सशक्त करने के लिए जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनवाने, अधिक पेंशनर्स वाले अस्पतालों में पृथक काउंटर की व्यवस्था करने और पेंशन से जुड़े कानूनी मामलों का आपसी समन्वय से आउट ऑफ कोर्ट निस्तारण करने के निर्देश दिए। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से सेवा अनुभव लिखवाने की पहल भी की जाएगी।

मुख्य सचिव ने 8वें वेतन आयोग को लेकर कहा कि राज्य सरकार की ओर से पेंशनर्स के साथ किसी प्रकार का अंतर नहीं रखा जाएगा और नियमानुसार लाभ देने के लिए आयोग को पत्र भेजा जा चुका है। पेंशनर्स से निरंतर संवाद के लिए रिटायर्ड पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन गठित करने के निर्देश भी दिए।

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि राजकॉप सिटीजन ऐप में पेंशन, चिकित्सा बिल प्रतिपूर्ति सहित विभागीय और व्यक्तिगत समस्याएं घर बैठे दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध है। मुख्य सचिव ने इस डिजिटल पहल की सराहना की। कार्यक्रम में पुलिस व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

नारायणा हॉस्पिटल में जटिल रिवीजन घुटना प्रत्यारोपण सफल

जयपुर। घुटने का प्राथमिक प्रत्यारोपण आजकल सामान्य सर्जरी बन चुका है, लेकिन रिवीजन घुटना प्रत्यारोपण अपेक्षाकृत जटिल और चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है। इसके लिए विशेष प्रशिक्षण, दक्षता, अनुभव और अत्याधुनिक रिवीजन इंप्लांट की आवश्यकता होती है। नारायणा हॉस्पिटल में जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. विजय शर्मा और उनकी टीम ने ऐसे ही एक जटिल रिवीजन घुटना प्रत्यारोपण को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

डॉ. विजय शर्मा ने बताया कि 67 वर्षीय महिला का करीब 11 वर्ष पहले घुटने का प्रत्यारोपण हुआ था और वह पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रही थीं। करीब तीन वर्ष पहले गिरने के कारण उनके मेडियल कोलैटरल लिगामेंट में चोट आ गई, जिससे घुटने का जोड़ असंतुलित हो गया और मरीज को चलने में काफी परेशानी होने लगी।

रिवीजन सर्जरी की जटिलता और डर के कारण मरीज ने लंबे समय तक ऑपरेशन टाल दिया। बाद में परेशानी बढ़ने पर उन्होंने सर्जरी कराने का निर्णय लिया। डॉ. विजय शर्मा ने पुराने इंप्लांट को सावधानीपूर्वक निकालकर उसकी जगह रिवीजन रोटेटिंग हिंज जॉइंट लगाया।

डॉ. शर्मा के अनुसार, सामान्यत: रिवीजन घुटना प्रत्यारोपण इंप्लांट के ढीला (लूसनिंग) होने की स्थिति में किया जाता है। ऐसे मामलों में पुराने

- 11 साल पुराने इंप्लांट को बदलकर रोटेटिंग हिंज जॉइंट लगाया, दूसरे दिन ही चलने लगी मरीज

ढीले इंप्लांट को निकालना अपेक्षाकृत आसान होता है। लेकिन इस मरीज के मामले में पुराने इंप्लांट पूरी तरह सॉलिड और फिक्स्ड थे।

ऐसे इंप्लांट को निकालने में हड्डी को नुकसान पहुंचने तथा फ्रैक्चर का खतरा रहता है। विशेष प्रशिक्षण और लंबे अनुभव के चलते टीम ने इस चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया।

सर्जरी के दूसरे दिन से ही मरीज संतुलित चाल के साथ चलने लगी, जिसे उपचार टीम ने सर्जरी की सफलता का महत्वपूर्ण परिणाम बताया। इस जटिल सर्जरी में डॉ. विजय शर्मा को डॉ. मनीष गुप्ता सहित एनेस्थीसिया टीम का सहयोग मिला।

महिंद्रा की नई इलेक्ट्रिक एसयूवी बीई 6 स्पोर्ट क्यु का उद्घाटन

जयपुर। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महिंद्रा की नई इलेक्ट्रिक वाहन बीई6 स्पोर्ट क्यु सीरीज़ का भव्य उद्घाटन ऑटो वर्ल्ड डीलरशिप पर किया गया। इस अवसर पर मोहित फलोड़ द्वारा नई बीई6 स्पोर्ट क्यु का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में ऑटोमोबाइल एवं कॉर्पोरेट जगत से जुड़े अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में वरुण शर्मा, पूर्वी आर्या, नेहा चौधरी, डायरेक्टर अनुपम सांखला एवं विनीत सहगल सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों एवं वाहन प्रेमियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महिंद्रा की नई बीई6 स्पोर्ट क्यु सीरीज़ की शुरुआती कीमत 11.45 लाख रखी गई है। यह वाहन अपने आधुनिक डिजाइन, शानदार परफॉर्मेंस और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में एक नया अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है।

विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय एवं कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा

ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका एवं जनसुविधाओं के विस्तार पर विशेष बल

जयपुर। राज्य सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों के त्वरित, समावेशी और सर्वांगीण विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को शासन सचिवालय में ग्रामीण विकास विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में 'विकसित भारत-जी राम जी योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन और विभिन्न विभागों के मध्य अभिसरण (कन्वर्जन्स) की प्रगति की समीक्षा हेतु नोडल बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण आजीविका, बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर विस्तृत मंत्रणा की गई।

ग्रामीण विकास विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने 'विकसित भारत-जी राम जी योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा हेतु नोडल बैठक ली।

- विकसित भारत-जी राम जी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को मिलेगी नई गति

बैठक में बताया गया कि योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण से निपटने और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अमृत पोषण वाटिका और अमृत ग्रामीण हाट बाजार के निर्माण कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी, राजीविका तथा पंचायती राज विभाग के आपसी समन्वय से विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों को ताजे फल व सब्जियों की आपूर्ति सुगम बनाई जाएगा।

ग्रामीण युवाओं और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अमृत ज्ञान केंद्र (ग्रामीण पुस्तकालय), अटल पुस्तकालयों तथा विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा-कक्षों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत विद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालयों के निर्माण और उनके सुचारू रखरखाव पर विशेष बल दिया जा रहा है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले पशुधन के संरक्षण हेतु पशु आश्रय स्थलों और चारा उत्पादन कार्यों के प्रस्तावों को विकसित ग्राम पंचायत कार्ययोजना में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अमृत संजीवनी पार्क, नमो नर्सरी तथा जलग्रहण विकास कार्यों के माध्यम से बड़े पैमाने पर पौधारोपण और औषधीय पौधों के संरक्षण की पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री का यह प्रयास ग्रामीण अंचल में समृद्धि, स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के नए द्वार खोलेगा, जिससे प्रत्येक ग्राम पंचायत का समग्र एवं संतुलित विकास सुनिश्चित हो सकेगा।